Need to set up a National Sports University in Gumla-laid

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गुमला एवं लोहरदगा जिले में खेलों में विशेष योगदान एवं वातावरण की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मुझे यह बताते हुए अत्यंत गौरव हो रहा है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिले में खेलों का पुरातन इतिहास है। यहां हॉकी, फुटबॉल, तीरंदाजी, कोर कबड्डी एवं एथलेटिक्स का परंपरागत रूप से प्रचलन है। गुमला एवं लोहरदगा जिले ने देश को अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। यहां प्रतिवर्ष स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है, किंतु साधनों के अभाव में यहां के अनेकों खिलाड़ी आगे नहीं जा पाते। मेरा संसदीय क्षेत्र आर्थिक रूप से भी पिछड़ा हुआ है एवं उग्रवाद प्रभावित दुर्गम क्षेत्र है। जनजाति समाज की बहुलता वाला ग्रामीण एवं वनों से आच्छादित क्षेत्र में सुविधाओं एवं योग्य प्रशिक्षण और शिक्षा के अभाव के कारण अनेकों खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि गुमला जिले में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की कृपा करें। गुमला में 'नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' बनने से पूरे झारखंड एवं समीप में उड़ीसा और छत्तीसगढ़ आदि प्रांतों के खिलाड़ी भी लाभान्वित हो सकेंगे। यहां के खिलाड़ियों को समुचित खेल शिक्षा प्रशिक्षण एवं अवसर मिल जाएंगे तो यहां के खिलाड़ी ओलंपिक जैसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का गौरव बढ़ा सकेंगे। इस पूरे क्षेत्र में तथा आसपास के प्रांतों में कोई 'स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' नहीं है, इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि गुमला में नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की कृपा करें ।